जल महोत्सव 2023

चर्चा में क्यों?

वार्षिक **जल महोत्सव 2023** दिसंबर 2023 से जनवरी 2024 तक मध्य प्रदेश में इंदिरा सागर बाँध के तट पर स्थित हनुवंतिया टेंट सिटी की मनोरम पृष्ठभूमि में आयोजित हुआ।

मुख्य बिंदु:

- मध्य प्रदेश के खंडवा ज़िले में होने वाला **जल महोत्सव स्थानीय संस्कृति** का एक जीवंत शो है, जिसमें लोक प्रदर्शन और पारंपरिक अनुष्ठान **जल व भारत की समृद्ध विरासत के बीच गहरे संबंध** का जश्न मनाते हैं।
  - यह जल संरक्षण और सतत् प्रथाओं जैसे **महत्त्वपूर्ण मुद्दों के विषय में जागरूकता बढ़ाने** का एक मंच है। यह **समुचित जल उपयोग को बढ़ावा देता है** और विभिन्न पर्यावरणीय पहलों का समर्थन करता है।
- 10 एकड़ में फैले इस वर्ष के टेंट सिटी में **100 शानदार टेंट और अन्य सुविधाएँ** होंगी, जैसे उत्तम भोजन परोसने वाला एक डाइनिंग हॉल, आरामदेह सिट-आउट गज़ेबो (छोटी इमारत जहाँ से बाहर का पूरा नज़ारा हो सकता है) और इनडोर स्पोर्ट्स रूम।
  - एक खाद्य बाज़ार, **शिल्प बाज़ार और एक कायाकल्प** करने वाला कल्याण केंद्र स्थापित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, **प्रत्येक दिन मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की जाएंगी।**
- आयोजन स्थल पर **क्षेत्रीय व्यंजनों** का बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जाता है, जिसमें स्थानीय शेफ अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करते हैं और आनंददायक दावतें पेश करते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jal-mahotsav-2023